वी.यू. एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, के संयुक्त तत्वाधान में नव वर्ष के उपलक्ष्य में मिलन समारोह सोशल डिस्टेंसिंग के साथ आयोजित।

जबलपुर। नव वर्ष 2022 की पावन बेला में नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में दिनांक 04 जनवरी 2022 को माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति, जी के मार्गदर्शन में मिलन समारोह मॉ सरस्वती जी पूजन एवं दीप प्रज्वलन सोशल डिस्टेंसिंग के साथ उत्साहपूर्वक हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। भारत रत्न व राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख जी ने अपने जीवन में ग्रामीण विकास के अंर्तगत कृषकों व पशुपालकों के सामाजिक–आर्थिक उत्थान में जो उत्कृष्ट कार्यों एवं उल्लेखनीय भूमिका का निर्वाहन किया है, हमें उनके द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों एवं आदर्शो को आत्मसात करते हुये, विश्वविद्यालय के द्वाय समन्वित प्रयासों के परिणाम स्वरूप विकास में अपनी सक्रिय सहभागिता का निर्वाहन करना हमारा दायित्व है। जिससें माननीय प्रधानमंत्री जी के स्वप्न वर्ष 2022 तक कृषकों की आय में दो–गुनी वृद्वि हो सके और प्रदेश एवं देश के कृषक /पशुपालक आत्म–निर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें। इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के माननीय डॉ. पी.के. बिसेन जी कुलपति, कुलसचिव श्री रेवासिंह सिसोदिया, श्री व्ही.एन. बाजपेयी, लेखानियंत्रक, डॉ. धीरेंद्र खरे अधिष्ठाता संकाय, डॉ. जी.के. कोतू, संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक शिक्षण, डॉ. डी.के. पहलवान, संचालक

प्रक्षेत्र, डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा संचालक विस्तार सेवाये, डॉ. अमित कुमार शर्मा अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, डॉ. शरद तिवारी, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय जबलपुर, डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव अधिष्ठाता, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, श्री.एस.एस. गौर, कार्यपालन यंत्री, एवं साथ ही नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, परिवार के कुलसचिव, डॉ. श्रीकांत जोशी, श्री अजय सिंह ठाकुर लेखानियंत्रक, डॉ. एम.के. मेहता, अधिष्ठाता संकाय, डॉ. मधुस्वामी, संचालक अनुसंधान सेवाये, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा, डॉ. अजीत प्रताप सिंह, संचालक जैव प्रौघेगिकी, की गारिमामयी उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मिलन समारोह कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. निधि राजपूत द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)